PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Wed, 07 Jun 2017, Page 11
Width: 27.25 cms, Height: 23.50 cms, a3r, Ref: 25.2017-06-07.142

केंद्रीय मंत्री ने कहा, क्षेत्र को उपेक्षा से बाहर निकाला

मोदी सरकार पूर्वोत्तर में बदलाव लाई

एजेंसी ▶▶ इंफाल

केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर में सफलतापूर्वक बदलाव लाई है और पिछले तीन साल में क्षेत्र को पिछले कई साल की उपेक्षा से बाहर निकाला है।

नरेन्द्र मोदी सरकार की तीन साल की उपलब्धियों का जिक्र करने के लिए यहां एक जन सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में तेजी लाई गई है ताकि यह शेष भारत की तरह आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर और देश के अन्य भागों के बीच भौतिक एवं मनोवैज्ञानिक अंतराल को पाटने के लिए प्रभावी एवं नजर आने लायक कदम उठाए गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए राज्य मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों में प्रत्येक राज्य आज सही मायने में अन्य राज्य की तरह प्रगति करने और आगे बढने का दावा कर सकता है। क्षेत्र में उपेक्षित सड़कों की सुध लेने के लिए पूर्वोत्तर सड़क विकास योजना नाम से एक विशेष सडक निगम शुरू किया गया है। मंत्री ने इंफाल से क्षेत्र के लिए शुरू किए गए अपनी तरह के पहले 'पर्वतीय राज्य विकास कार्यक्रम' का भी जिक्र किया।

खास बातें

- मोदी सरकार की तीन साल की उपलब्धियों का किया जिक्र
- प्रभावी एवं नजर आने लायक कदम उठाए गए : सिंह

गुवाहाटी को ही चुना था

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले तीन साल में क्षेत्र का करीब दर्जनभर बार दौरा किया है और उन्होंने 26 मई को अपनी सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करने के लिए गुवाहाटी को चुना था। सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर के लिए बजट आवंटन में पिछले तीन साल में 25 फीसदी से अधिक वृद्धि हुई है। गरीबों के जीवनयापन के लिए अहम योजनाएं लागू की गई। कृषि, यातायात, औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया गया। मोदी सरकार राज्य के लोगों के लिए कृतसंकल्पित हैं।